तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 6 जनवरी 2026

10 कांग्रेस को बड़ा झटका, 27 जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं...

10 छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास में खेलों का बहुत...




## खबर संक्षेप

### 2 पीड़ित परिवार को दी गई 8 लाख की सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 2 परिवार को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। दरभा तहसील के ग्राम निलेगोदी बोदेनार निवासी महेश कवासी की मृत्यु सर्पदंश से पिता देवलु को, तहसील तोकापाल के ग्राम करेंगा निवासी तेटकू की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नी जाना बघेल को 4-4 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### मलकानगिरी में लूटपाट और आगजनी की शिकायत पीएम से

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्रीनिवास पाल ने ओड़िसा के मलकानगिरी जिले के ग्राम एमवी 26 में 188 घरों में अज्ञात तत्वों द्वारा किए गए लूटपाट और आगजनी की शिकायत राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से की है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री कार्यालय में पत्र पहुंच गया है जिसकी प्राप्ति की सूचना मिली है। वहीं ओड़िसा के राज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर जांच करने एवं दोषियों पर कार्यवाही और पीड़ति परिवार को मदद एवं सुरक्षा की मांग की गई है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि बंगाली समुदाय के लोगों को टारगेट बनाकर मारा पीटा गया, संपत्ति भी लूटी गई। लोगों में असुरक्षा और दहशत है।

### हर माह 7 तारीख को मनेगा 'आवास दिवस'

**जगदलपुर।** अब प्रत्येक माह की 7 तारीख को चावल महोत्सव एवं रोजगार दिवस के साथ-साथ "आवास दिवस" भी मनाया जाएगा। शासन द्वारा इस संबंध में आवास योजना की प्रगति के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।"आवास दिवस" के आयोजन में पंचायत राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों एवं अन्य संबंधित हितधारकों की अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा लाभार्थियों की सूची का वाचन, हितग्राहियों का सम्मान एवं प्रमाण पत्र, किश्त हस्तांतरण, मनरेगा मजदूरी पर चर्चा, समस्याओं का निराकरण, सामग्री की उपलब्धता, पी एम जनमन के हितग्राहियों को प्राथमिकता , पंचायत पदाधिकारियों को जानकारी देने के लिए निर्देशित किया गया है ।

### बैठक में हिट एंड रन प्रकरणों की समीक्षा

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में हिट एंड रन मोटर यान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2022 के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक में पीड़ितों को दिए जाने वाले विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा की गई। इस दौरान समिति द्वारा उक्त योजनांतर्गत तहसील भानपुरी के मावलीगुड़ा निवासी डूमरीका बघेल पति स्व.पदम बघेल तथा तहसील भानपुरी के ग्राम बेसोली निवासी श्यामलाल कश्यप पिता चेरगु राम को दो-दो लाख रुपए और तहसील बस्तर के देवड़ा निवासी सविता बांधे पति स्व. घनश्याम बांधे को एक लाख 85 हजार रुपए मुआवजा राशि प्रदान करने का अनुमोदन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने हिट एंड रन केस में पीड़ितों को दिए जाने वाले मुआवजा सम्बन्धी लंबित प्रकरणों की जांच कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर प्रस्तुत किए जाने के निर्देश सम्बन्धित अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को दिए। साथ ही दावा प्रकरणों में आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तरीय समिति के सदस्य अधिकारी और बीमा कंपनी के प्रतिनिधी मौजूद रहे।

# पोलावरम बांध प्रभावितों को मिलेगी हरसंभव सहायता : मंत्री केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा

वनमंत्री केदार कश्यप तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव कोंटा में मुख्य चौक के करीब बने अटल परिसर का लोकार्पण किया। इसके उपरांत मिनी स्टेडियम में स्व. कुमार लक्ष्मी नारायण देव अखिल भारतीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में शिरकत की । इस दौरान कोर्ण सीमा किंग्स आंध्रप्रदेश के विजेता टीम को एक लाख का नगद पुरस्कार दिया । मंत्री कश्यप ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और क्षेत्र के धार्मिक एवं सामाजिक विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की । उन्होंने जिम के विस्तार में आधुनिक उपकरण, मणिकेश्वर मंदिर में सराय भवन का निर्माण, कालीमुड़ी मंदिर विकास हेतु आर्थिक सहायता, महाविद्यालय के लिए आवश्यक सामग्री के लिए राशि देने की घोषणा की । अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने कहा सुकमा अब केवल संघर्ष नहीं, बल्कि परिवर्तन, विकास और विश्वास के नए दौर के लिए पहचाना जा रहा है । शासन का संकल्प है कि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे । उन्होंने पोलावरम बांध प्रभावितों को शासन की ओर से हरसंभव सहायता दिलाने का भी भरोसा दिलाया। सांसद महेश कश्यप ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आगामी सांसद खेल प्रतियोगिता के आयोजन की घोषणा की। वहीं विधायक किरण सिंह देव ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी ▶▶|शेष पेज 10 पर

## मंत्री, विधायक और सांसद ने किया अटल परिसर का लोकार्पण

### 4.50 करोड़ के 43 विकास कार्यों का भूमिपूजन

सुकमा जिले में विकास की रफ्तार को नई ऊंचाई देते हुए प्रभारी मंत्री ने आज नगर पालिका परिषद क्षेत्र सुकमा के लिए 4.50 करोड़ की लागत वाले 43 अधोसंरचना विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। सुकमा के बदलते स्वरूप और जनता तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने की शासन की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।




## आरोप : बच्ची को अस्पताल लाया गया तब परिजनों को नहीं दी गई सूचना

# मोखपाल पोटाकेबिन की छात्रा की मौत परिजनों ने लापरवाही का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

दंतेवाड़ा जिले के कटेकल्याण ब्लॉक के मोखपाल के गुरुकुल आवासीय कन्या छात्रावास पोटाकेबिन में अध्ययनरत कक्षा तीसरी की 9 वर्षीय छात्रा नम्रता कश्यप की इलाज के दौरान दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप है। छात्रा सुकमा जिले के कूकानार कुम्हारपारा की रहने वाली थी। बच्ची की मौत की खबर मिलते ही विभागीय अधिकारी अस्पताल पहुंचे, वहीं दूसरी ओर परिजनों ने आश्रम की वार्डन पर लापरवाही के आरोप लगाया हैं।

- वार्डन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने थाने में दिया आवेदन

प्राप्त जानकारी के अनुसार, छात्रा को पैरों और घुटनों में दर्द की शिकायत थी। तबियत बिगड़ने पर पहले उसे कुआकोंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां से हालत गंभीर बताकर उसे दंतेवाड़ा जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान बच्ची ने दम तोड़ दिया। परिजनों का कहना है कि बच्ची 31 जनवरी को घर से पूरी तरह स्वस्थ अवस्था में आश्रम गई थी। अचानक उसकी तबीयत कैसे इतनी बिगड़ गई, यह समझ से परे है। छात्रा के परिजनों ने आरोप लगाया है कि आश्रम वार्डन अनुपमा कोवासी ने समय पर बच्ची का उचित इलाज नहीं कराया। साथ ही जब बच्ची को अस्पताल लाया गया, उस समय भी परिजनों को सूचना नहीं दी गई। परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते इलाज कराया जाता और उन्हें जानकारी दी जाती, तो शायद बच्ची की जान बचाई जा सकती थी। इसी लापरवाही के चलते उन्होंने वार्डन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर थाने में आवेदन दिया है।



### सीने में दर्द की शिकायत थी

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. अभय तोमर ने बताया कि बच्ची जब अस्पताल लाई गई, तब उसे सीने में दर्द की शिकायत थी। चिकित्सकों की टीम ने लगातार इलाज किया लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हो सका। मृत्यु के कारणों की स्पष्ट जानकारी के लिए पोस्टमार्टम के बाद बिसरा सुरक्षित कर फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी डिमरापाल भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी

इधर विभाग की ओर से मृत छात्रा के शव को वाहन से उसके पैतृक गांव तक पहुंचाया गया। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी धनंजय सिन्हा ने बताया कि परिजनों ने एफआईआर की मांग करते आवेदन दिया है। आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पोर्टल, लिमिट और तौल की अनियमितता ने बढ़ाई अन्नदाताओं की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर विधानसभा क्षेत्र में धान उपार्जन की प्रक्रिया किसानों के लिए संकट का कारण बनती जा रही है। एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से की जा रही खरीदी में तकनीकी और प्रशासनिक खामियों के चलते बड़ी संख्या में किसान धान बेचने से वंचित हो रहे हैं। पंजीयन होने के बावजूद कैरी फॉरवर्ड न होना,खसरा विवरण का स्वीकार न होना और पोर्टल लिंकिंग की जटिलताओं ने किसानों को सहकारिता,खाद्य और राजस्व कार्यालयों के बीच भटकने को मजबूर कर दिया है।

- तकनीकी खामियों से त्रस्त बस्तर के किसान सरकार से त्वरित हस्तक्षेप की मांग

विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा स्थिति यह है कि जो किसान पूर्व वर्षों में नियमित रूप से लेम्पस के माध्यम से धान बेचते रहे,वे भी इस बार सिस्टम की वजह से बाहर हो गए हैं। वनाधिकार पट्टाधारी किसानों की हालत और अधिक गंभीर है, जिनका धान केवल तकनीकी त्रुटियों के कारण खरीदी से बाहर किया जा रहा है। इससे किसानों ▶▶|शेष पेज 10 पर

### धान उपार्जन में किसानों की प्रमुख समस्याएं



विधायक बघेल ने कहा कि एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन के बावजूद कैरी फॉरवर्ड नहीं होना,पूर्व वर्षों के नियमित किसानों के खसरा विवरण का अस्वीकार होना, वनाधिकार पट्टाधारी किसानों की लिंकिंग समस्या, लेम्पसों में प्रतिदिन की कम खरीदी लिमिट के कारण टोकन न मिल पाना, बोरा तौल में 41 किलोग्राम से अधिक वजन लेना और मजदूरी दरों में एकरूपता न होना जैसी समस्याओं ने किसानों की आर्थिक स्थिति को असुरक्षित बना दिया है। बघेल ने चिंता व्यक्त करते कहा फसल के लिए बैंक ऋण लेने वाले किसानों पर कर्ज का दबाव बढ़ रहा है,पजिससे उनके परिवारों पर मानसिक तनाव गहराता जा रहा है।

# युवा अब खदान में मजदूर नहीं, माइनिंग इंजीनियर बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की खनिज-समृद्ध धरती अब केवल कच्चा माल देने वाला क्षेत्र नहीं, बल्कि तकनीकी प्रतिभा गढ़ने की दहलीज पर खड़ी है। इसी दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्यसिंह बिसेन के नेतृत्व में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज श्रीवास्तव को एक व्यापक विजन डॉक्यूमेंट सौंपा गया, जिसमें बस्तर की शिक्षा व्यवस्था को रोजगारपरक और उद्योग-उन्मुख बनाने की ठोस मांग रखी गई। प्रस्ताव का केंद्रीय उद्देश्य यह है कि बस्तर का युवा अब खदानों में अकुशल श्रमिक बनकर सीमित न रहे,बल्कि आधुनिक तकनीक,इंजीनियरिंग और प्रबंधन के माध्यम से खनन उद्योग के निर्णायक पदों तक पहुंचे।

प्रस्ताव में कहा गया है कि बस्तर को एशिया का रूहर' कहा जाता है,जहां बैलाडीला का लौह अयस्क, तोंगपाल का टिन और तोकापाल का हीरा मौजूद है। इसके बावजूद स्थानीय युवाओं को तकनीकी अवसर नहीं मिल पाते और उच्च पदों के लिए बाहरी विशेषज्ञों पर निर्भरता बनी रहती है। इस असंतुलन को खत्म करने के लिए विश्वविद्यालय में खनिज आधारित, अत्याधुनिक और सीधे रोजगार से जुड़े पाठ्यक्रम शुरू करने की आवश्यकता रेखांकित की गई है इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से न केवल बस्तर में पलायन और ब्रेन-ड्रेन रुकेगा,बल्कि क्षेत्र में औद्योगिक आत्मनिर्भरता भी विकसित होगी। साथ ही,तकनीकी शिक्षा को नक्सलवाद जैसी समस्याओं के समाधान के एक प्रभावी सामाजिक औजार के रूप में भी प्रस्तुत किया गया है,जिससे युवा मुख्यधारा के विकास में भागीदार बन सकें। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस अवसर पर छात्र संगठनों के प्रतिनिधि एवं छात्र नेता उपस्थित रहे,जिन्होंने इस पहल को बस्तर के भविष्य की दिशा तय करने वाला ▶▶|शेष पेज 10 पर



- खनिज-समृद्ध बस्तर को चाहिए तकनीकी शिक्षा का अधिकार
- स्थानीय संसाधन,स्थानीय हुनर और स्थानीय रोजगार की निर्णायक पहल

# बस्तर के कई इलाकों में बाघ विचरण के मिले निशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के भानपुरी से तोकापाल व कोड़ेनार के इलाके में नर बाघ के विचरण के पदचिन्ह मिलने से ग्रामीण इलाके में दहशत व्याप्त है। पिछले चार दिन में भानपुरी से तोकापाल के बीच कई जगह पदचिन्ह पाए गए है। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम उन इलाकों में जाकर पद चिन्ह के फोटो ली है इसके बाद सीसीएफ आलोक तिवारी ने इन इलाकों में बाघ के घूमने की पुष्टि कर दी है। बस्तर के घने जंगलों से निकलकर जंगली जानवर ▶▶|शेष पेज 10 पर

- रात्रि में नहीं निकलने व दिन में अकेले जंगल जाने से बचने की सलाह
- ग्रामीणों में दहशत, विभाग कर रहा ग्रामीणों को जागरूक



### कोण्डागांव से बस्तर की ओर प्रवेश

बस्तर के जंगल व ग्रामीण क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी मिली है। यह बाघ उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व इलाके से विचरण करते हुए कोंडागांव इलाके से बस्तर जिले में प्रवेश किया है। इसके फुट प्रिंट के अनुसार यह मेल टाइगर है। प्रदेश में किए गए सर्वे के मुताबिक छग में टाइगर की संख्या 35 है यह उनमें से ही एक है। जहां जहां इस टाइगर के निशान पाए जा रहे हैं उन इलाकों में मुनादी कराई जा रही है और लोगों को अलर्ट किया जा रहा है कि वह रात में नहीं निकले और जंगल की ओर न जाएं।

**आलोक तिवारी,** सीसीएफ बस्तर

### ग्रामीणों में दहशत, वन अमला अलर्ट

सोशनपाल के खेतों में मिले बड़े पदचिन्ह मिलने पर पहले तो ग्रामीणों को समझ नहीं आया कि यह निशान किसके हैं। लेकिन इस घटना के 2 दिन बाद इसकी जानकारी वन विभाग को दी गई। जानकारी मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने जानवर के पदचिन्ह की तस्वीरें ली और अगली सुबह से खेतों में तलाशी शुरू की गई। ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग की टीम ने पदचिन्ह देखकर बताया कि जंगली जानवर 7 साल का होगा और 6 से 7 फीट उसकी ऊंचाई हो सकती है। लगभग पांच दिन पूर्व भानपुरी इलाके में ग्राम पंचायत जामगांव में जंगली जानवर ने मवेशियों का शिकार किया था। इसकी जिसकी जानकारी वन विभाग को मिली थी जिसके बाद टीम ने जानवर के पद चिन्ह देखें थे जो तोकापाल इलाके में मिले पदचिन्हों से हुबहू मिलते है। बहरहाल मवेशियों के शिकार होने व बाघ के विचरण करने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

## चित्रकोट-तीरथगढ़-कोटमसर और ग्रीन केव ने बढ़ाई बस्तर की चमक

# विस्टाडोम में सीट के लिए जद्दोजहद, पर्यटन सीजन में उमड़े पर्यटक

] हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शीतकालीन पर्यटन सीजन में बस्तर देश के प्रमुख पर्यटन गंतव्यों में शुमार होता जा रहा है। यही कारण है कि विशाखापटनम-जगदलपुर रेल मार्ग पर चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों में अटैच विस्टाडोम कोच पूरे वर्षभर यात्रियों की पहली पसंद बने रहते हैं। वर्तमान पर्यटन बूम की स्थिति यह है कि विस्टाडोम कोच में एक-एक सीट के लिए यात्रियों को इंतजार करना पड़ रहा है,वहीं कई बार खड़े होकर यात्रा करने की मजबूरी भी सामने आ रही है।

- संक्रांति पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए पैसेंजर व इंटरसिटी ट्रेनों में अतिरिक्त कोचों की सौगात

विशाखापटनम मार्ग से बड़ी संख्या में देशभर के सैलानी रेल यात्रा के माध्यम से जगदलपुर पहुंच रहे हैं। जगदलपुर से महज 35 से 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित भारत का नियाग्रा कहलाने वाला चित्रकोट जलप्रपात, दरभा क्षेत्र के कांगेर वैली में स्थित तीरथगढ़ जलप्रपात तथा इसके विपरीत दिशा में स्थित कोटमसर गुफा बस्तर की पर्यटन पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूती प्रदान कर रहे हैं। विशेषकर कोटमसर गुफा भूविज्ञान के विद्यार्थियों के लिए अध्ययन का प्रमुख केंद्र बनती जा रही है। इसी कड़ी में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में हाल ही में एक अनोखी प्राकृतिक स्थलाकृति ग्रीन केव सामने आई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार,राज्य सरकार द्वारा इस गुफा को पर्यटन मानचित्र में शामिल करने की तैयारियां की जा रही हैं। वन मंत्री कश्यप ने कहा है कि ग्रीन केव के खुलने से बस्तर में पर्यटन को नया आयाम मिलेगा, स्थानीय ▶▶|शेष पेज 10 पर




### संक्रांति पर्व पर अतिरिक्त कोचों की व्यवस्था

संक्रांति पर्व के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने एवं आरामदायक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ईस्ट कोस्ट रेलवे द्वारा विशाखापत्तनम-किरंदुल पैसेंजर ट्रेन संख्या 58501 में 07, 09, 11, 13, 15, 17, 19, 21, 23, 25, 27 एवं 29 जनवरी 2026 को एक-एक अतिरिक्त विस्टाडोम चेयर कार कोच लगाए जाएंगे। वहीं वापसी दिशा में किरंदुल- विशाखापटनम पैसेंजर ट्रेन संख्या 58502 में 08, 10, 12, 14, 16, 18, 20, 22, 24, 26, 28 एवं 30 जनवरी 2026 को एक-एक अतिरिक्त विस्टाडोम चेयर कार कोच की सुविधा दी जाएगी। इसके अलावा राउरकेला-जगदलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18107 में 03 एवं 04 जनवरी 2026 को एक स्लीपर श्रेणी कोच तथा संतरागाछी-येलहंका विशेष एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 02863 में 08 जनवरी 2026 को एक तृतीय वातानुकूलित कोच अस्थायी रूप से जोड़ा जाएगा। उक्त जानकारी विशाखापटनम रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पवन कुमार ने दी।

# राजीव भवन में कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्षों ने संभाला पदभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस के शहर एवं ग्रामीण जिलाध्यक्षों का पदभार राजीव भवन में संपन्न हुआ। कार्यकतार्ओं ने नारेबाजी की। इस अवसर पर बस्तर जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों से कांग्रेसी पहुंचे। कार्यकतार्ओं से जनता की समस्याओं को रखकर निरंतर आंदोलन छेड़ने और सरकार की नीतियों के खिलाफ सशक्त प्रतिरोध खड़ा करने का आह्वान किया गया। पदभार ग्रहण के साथ ही संगठनात्मक मजबूती, अनुशासन और जनसंवाद को लक्ष्य बताया गया। नव नियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी शहर जिलाध्यक्ष सुशील मोर्य और ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला को दूसरी बार जिम्मेदारी सौंपी गई। पदभार प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने दिलाया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला, रामशंकर राव, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, चंदन कश्यप, राजमन बेंजाम, ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### बंधा तालाब में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ



**कोण्डागांव।** कोण्डागांव शहर के प्रमुख जलस्त्रोत बंधा तालाब को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा सोमवार को विशेष सफाई अभियान की शुरुआत की गई। सफाई अभियान में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक लता उसेण्डी तथा कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ श्रमदान कर अभियान को गति दी। विधायक लता उसेण्डी ने बताया कि बंधा तालाब को जलकुंभी से मुक्त कर स्वच्छ एवं उपयोगी बनाने के लिए एक व्यवस्थित कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसके तहत चरणबद्ध रूप से सफाई कार्य किया जाएगा। उन्होंने नगरवासियों से भी इस स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी करने की अपील करते हुए कहा कि जनसहयोग से ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, सोनामणि पोयाम, लक्ष्मी ध्रुव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, सफाईकर्मी एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### वूमन फॉर ट्री अभियान के तहत जिला कार्यालय परिसर में पौधारोपण



**कोण्डागांव।** नगर प्रशासन की मिशन अमृत योजना के अंतर्गत संचालित वूमन फॉर ट्री अभियान के तहत जिला कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक लता उसेण्डी, कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना एवं जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी ने पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया और अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखरेख करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, सोनामणि पोयाम, लक्ष्मी ध्रुव, सुषमा खोब्रागडे. स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस को बड़ा झटका, 27 जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

## विधायक नीलकंठ टेकाम के विकास कार्यों से प्रभावित होकर लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- चनियागांव के सरपंच सहित वार्ड पंच और ग्रामीण भाजपा में हुए शामिल

ब्लॉक के ग्राम पंचायत चनिया गांव के सरपंच वार्ड पंच सहित कुल 27 कांग्रेसियों ने विधायक नीलकंठ टेकाम के विकास एवं भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थाम लिया है। विधायक निवास कार्यालय में नीलकंठ टेकाम ने सभी नवप्रवेशी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को गमछा पहनाकर बीजेपी में प्रवेश कराया।

विधायक नीलकंठ टेकाम ने भाजपा प्रवेश कराने के बाद कहा की कांग्रेस की विचारधारा से निकलकर अब विकसित देश विकसित राज्य और विकसित गांव की विचारधारा बीजेपी की विचारधारा से लोग प्रभावित होकर आगे भी बीजेपी पार्टी ज्वाइन करेंगे बीजेपी पार्टी का कार्य विकास एवं देश को जोड़ना एवं विकसित राष्ट्र बनाना है। जिससे लोग प्रभावित हो रहे हैं एवं केशकाल विधानसभा में जो विकास के कार्य लगातार किए जा रहे हैं उससे प्रभावित होकर भी लोग बीजेपी पार्टी ज्वाइन कर रहे हैं और आगे भी ज्वाइन करते रहेंगे।

### इन्होंने थामा भाजपा का दामन

पार्टी ज्वाइन करने वालों में मनेस उसेंडी सरपंच ग्राम पंचायत चनियागांव, महेंद्र कुमार सलाम वार्ड पंच, रिकेश नेताम वार्ड पंच, राकेश नेताम वार्ड पंच, महेंद्र कुमार सलाम, रिंकू सोनवानी, किशोर सलाम, हरि मंडावी, निवास सोना, समीर नाग, सेवन नेताम, रिकेश नेताम,सुनील मरकाम, कमलेश कुंजाम, मानकू मांडवी, सुनील बेसरा, नारायण नेताम, श्रवण मंडावी, आकाश नेताम, पियूष नाग, कृष्ण नेताम, राजेंद्र बेसरा, संतराम बेसरा, दिलीप नाग, धन्नू राम उसेंडी, मनीलाल कचलाम, राकेश नेताम, अमृत नेताम, उमेश मंडावी, नरेश नेताम रहे विधायक नीलकंठ टेकाम के साथ हेमचंद देवांगन जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी एवं नवदीप सोनी मंडल महामंत्री केशकाल कृष्णदत्त उपाध्याय के साथ चनिया गांव के बूथ अध्यक्ष संतराम बेसरा भी उपस्थित रहे।



## आयोजन : अरंडी में तीन दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

# छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास में खेलों का बहुत महत्व : टेकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

- 18 संकुल जोन के 2000 विद्यार्थियों ने दिखाई खेल प्रतिभा

शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित तीन दिनों की बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन अरंडी में हुआ। उद्घाटन एवम समापन अवसर के मुख्य अतिथि केशकाल विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम रहे। इस अवसर पर केशकाल के 18 संकुल जोन के कुल 2000 बच्चों ने इस प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। तीन दिवसीय खेल स्पर्धा में खो खो, कबड्डी, व्हालीबॉल समेत दौड़, गोला फेंक, चित्रकला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ खिलाड़ियों को मेडल, शील्ड , ट्रॉफी एवं अन्य पुरुस्कारों से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अपने बीच विधायक को पाकर बच्चे गदगद नजर आए।

वहीं विधायक ने समापन अवसर में खो खो का फाइनल मैच देखा और बच्चों को प्रोत्साहित किया। आगे उन्होंने बच्चों और ग्रामीणों से मुखातिब होते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों के महत्व को समझाया। साथ ही खूब मन लगाकर बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। आगामी परीक्षा की तैयारियों में जुटकर अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने की शुभकामनाएं प्रेषित की। इसी दौरान विधायक ने ग्रामीणों के मांगपत्र का अवलोकन कर घोषणा कर जल्द ही मांगो को पूरा करने का आश्वाशन दिया।साथ ही शासन की योजनाओं से आमजनों को जागरूक किया। इसी क्रम में शिक्षक व शिक्षिकाओं को शैक्षणिक गतिविधियों को दुरुस्त करने नवाचार और उपचारात्मक विकल्प अमल में लाने निर्देशित किया।



### ये रहे उपस्थित

समापन समारोह में नंदिनी पोटाई अध्यक्ष जनपद पंचायत, आकाश मेहता, विजय पोया , लंबोदर सलाम, संतोष सिन्हा, भूपेश सिन्हा, वीरेंद्र बघेल आदि शामिल रहे। इस खेल प्रतियोगिता में अरंडी, तेंदूभाटा के जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में मंच संचालन रोशन हिरवानी, लोकेश गायकवाड ने किया। शिक्षा विभाग से प्रमुख रूप से सीएल मंडावी बीईओ, दीपेश सेठिया एबीईओ, बलराम नाग बीआरपी, शोएब अली, मानसिंह मंडावी, अजय शर्मा, राजबहादुर नेताम, सहदेव मरकाम, भूपेश नाविक, संध्या भास्कर, राकेश विषकर्मा के साथ सभी प्राचार्य, एवम संकुल समन्वयक गण मौजूद रहे।

# विधायक ने किया 70.23 लाख के भवन निर्माण का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- भीरागांव को मिला हाई स्कूल भवन की सौगात
- शिक्षा अधोसंरचना को मिलेगा नया आयाम

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक लता उसेंडी ने शनिवार को माकड़ी विकासखण्ड के ग्राम भीरागांव में हाई स्कूल भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। यह भवन 70.23 लाख रुपये की लागत से निर्मित किया जाएगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि पक्के हाई स्कूल भवन के निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर अधोसंरचना उपलब्ध होगी। इससे अध्ययन-अध्यापन का वातावरण सुधरेगा और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी।

### ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा सशक्तिकरण की दिशा में कदम

विधायक ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। ग्रामीण अंचलों में विद्यालय भवनों का निर्माण बच्चों के भविष्य को सुरक्षित और उज्ज्वल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष जुगबती पोयाम, जिला पंचायत सदस्य भगवती नेताम, जनपद सदस्य रामलाल मरकाम, पन्नालाल नेताम, सरपंच जगदीश मरकाम सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान सहित अन्य विभागीय अधिकारी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत परिसर में नये स्वरूप में कैंटीन का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक लता उसेण्डी ने सोमवार को जिला पंचायत परिसर में नये स्वरूप में सुसज्जित कैंटीन का शुभारंभ किया। ज्ञात हो कि पूर्व में गायत्री स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा टीन शेड में कैंटीन का संचालन किया जा रहा था। कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में अब इसे समीप स्थित भवन में बेहतर सुविधाओं के साथ नये स्वरूप में प्रारंभ किया गया है।

गायत्री स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा 5 लाख रुपये का ऋण लेकर इस कैंटीन का संचालन किया जा रहा है, जिससे समूह की महिलाओं को स्थायी आजीविका का साधन उपलब्ध हो सका है। इस पहल से जिला पंचायत परिसर में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों एवं आगंतुकों को स्वच्छ, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन की सुविधा मिलेगी, वहीं स्वसहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता भी प्राप्त होगी।

### जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी रहे मौजूद

शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, सुश्री सोनामणि पोयाम, लक्ष्मी ध्रुव, सुषमा खोब्रागडे जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एनआरएलएम जिला मिशन प्रबंधक विनय सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधान अध्यापक ने जन्मदिन पर कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकासखंड कोंडागांव, तहसील मर्दापाल अंतर्गत स्थित शासकीय जनपद प्राथमिक शाला सोनाबाल में प्रधान अध्यापक ईश्वरी कौमार्य ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए न्यौता भोज का आयोजन कर एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

न्यौता भोज में विद्यार्थियों को पूड़ी, मटर-पनीर मसाला, चावल और मिश्रित दाल परोसी गई। दोनों विद्यालयों के कुल 85 छात्र-छात्रओं ने उत्साहपूर्वक भोजन का आनंद लिया, जिससे विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बना रहा। इस अवसर पर प्रधान अध्यापक ईश्वरी कौमार्य ने संस्था को ज्यामितीय आकृतियों से संबंधित स्वनिर्मित सहायक शिक्षण सामग्री भेंट की, जिससे बच्चों के अध्ययन में नवाचार और रुचि बढ़ेगी। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक जगतराम शोरी, शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सोनाबाल के प्रधान अध्यापक पुरुषोत्तम दीक्षित, शिक्षक



हेमदेतेश्वर पटेल, सुरेश कुमार चंद्रवंशी, शिक्षिकाएं श्वेता साहू, पूनम ठाकुर, शासकीय प्राथमिक शाला खुटपारा सोनाबाल के प्रधान अध्यापक हितेंद्र कुमार श्रीवास, भृत्य एवं स्वीपरगण उपस्थित रहे।

### बच्चों व शिक्षकों ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

*न्यौता भोज के उपरांत छात्र-छात्रओं एवं उपस्थित शिक्षकवृंद ने प्रधान अध्यापक ईश्वरी कौमार्य को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके इस प्रेरणादायी कार्य की सराहना की। ऐसे आयोजन विद्यालय और समुदाय के बीच आत्मीयता बढ़ाने के साथ-साथ बच्चों में विद्यालय के प्रति लगाव भी मजबूत करते हैं।*

# अब हर माह 7 तारीख को रोजगार के साथ मनाया जाएगा आवास दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- रोजगार दिवस के साथ ग्राम पंचायतों में होगा विशेष आयोजन
- आवास निर्माण को गति देने की नई पहल

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाने वं समय-सीमा में आवासों को पूर्ण कराने के उद्देश्य से जिले में अब प्रत्येक माह की 07 तारीख को रोजगार दिवस के साथ-साथ आवास दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिले की सभी ग्राम पंचायतों में किया जाएगा।

आवास दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों की सूची का वाचन किया जाएगा। साथ ही स्वीकृति प्रमाण पत्रें का वितरण भी किया जाएगा, जिससे हितग्राहियों को योजना से जुड़ी स्पष्ट जानकारी प्राप्त हो सके।



**तकनीकी व प्रशासनिक समस्याओं का मौके पर समाधान**-आवास निर्माण में आ रही तकनीकी एवं प्रशासनिक समस्याओं का निराकरण आवास दिवस के दौरान मौके पर ही किया जाएगा। इसमें किस्त की राशि लंबित होना, केवाईसी से संबंधित दिक्कतें, 90 दिवस की अकुशल मजदूरी राशि का भुगतान सहित अन्य स्थानीय समस्याएं शामिल हैं।

**निर्माण सामग्री के लिए सामग्री बैंक की व्यवस्था**-आवास निर्माण के लिए आवश्यक सेंट्रिंग प्लेट, ईंट, रेत आदि सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्व-सहायता समूहों के माध्यम से सामग्री बैंक स्थापित किए जाएंगे। इन सामग्री बैंकों की जानकारी भी ग्रामीणों को आवास दिवस के दौरान दी जाएगी।

**रोजगार एवं आजीविका से जुड़े आवेदन भी होंगे स्वीकार**-इसी दिन ग्राम पंचायतों में जीजीराम अंतर्गत रोजगार मांग आवेदन तथा आजीविका डबरी निर्माण के लिए आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। इससे गांवों में जल संवर्धन एवं संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

**एक मंच पर मिलेगी दो योजनाओं की जानकारी**- जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने बताया कि इस पहल से ग्रामीणों को जीजीराम जी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना दोनों की जानकारी एक ही मंच पर प्राप्त होगी, जिससे संबंधित समस्याओं का प्रभावी और त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## केशकाल घाटी में कानून से खिलवाड़, लापरवाह बस चालक गिरफ्तार

# पुलिसकर्मी को कुचलने का प्रयास, आरोपी भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/केशकाल

जिला कोंडागांव पुलिस ने कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले एक लापरवाह बस चालक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला केशकाल घाटी का है, जहां जाम के दौरान तेज रफ्तार और गलत दिशा में बस चलाने के साथ पुलिसकर्मी को कुचलने का प्रयास किया गया। रविवार रात 4 जनवरी को जगदलपुर से नागपुर जा रही बस क्रमांक सीजी-17-एलसी-5355 के चालक ने केशकाल घाटी में जाम के बावजूद गलत दिशा में जाकर ओवरटेक किया। इससे यातायात व्यवस्था और यात्रियों की जान दोनों खतरे में पड़ गई।

**पुलिसकर्मी पर बस चढ़ाने की कोशिश** -विश्रामपुरी चौक पर पुलिस द्वारा बस रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने जान से मारने की नीयत से पुलिसकर्मी पर बस चढ़ाने की कोशिश की। इतना ही नहीं, बस से उतरकर पुलिस अधिकारियों के साथ गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो गया।



**आरोपी गिरफ्तार, गंभीर धाराओं में मामला दर्ज**- डीएसएफ आरक्षक उमेशदास मानिकपुरी की रिपोर्ट पर थाना केशकाल में आरोपी के विरुद्ध धारा 109, 121(1), 132, 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया। आरोपी पुष्पेंद्र कुमार कोर्राम 29 वर्ष को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

***एसपी के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई*** *-पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी अरुण नेताम के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी विकास बघेल के नेतृत्व में टीम ने तत्परता से कार्रवाई की। कोंडागांव पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यातायात नियमों का उल्लंघन, पुलिस से दुर्व्यवहार और आमजन की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। निरीक्षक विकास बघेल, सउनि निहार रंजन मंडल, हेमंत देवांगन, बुधमल समरथ, प्र.आर. माधुरी रावटे, आरक्षक मनोहर निषाद, कमलेश कंवर, धर्मेंद्र नेगी एवं लोकेश्वर तारम की भूमिका सराहनीय रही।*

## पेज 9 के शेष

### पोलावरम बांध प्रभावितों...

योजनाओं से सुकमा आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त हो रहा है। इस अवसर पर राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे ।

### पोर्टल, लिमिट और...

में भारी असंतोष है और ग्रामीण अंचलों में आर्थिक दबाव तेजी से बढ़ रहा है। विधायक बघेल ने कहा धान उपार्जन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित होने के बावजूद,लेम्पसों में प्रतिदिन की तय लिमिट कम होने से किसानों को टोकन तक नहीं मिल पा रहा है। वहीं, कई केंद्रों पर बोरा तौल 41 किलोग्राम से अधिक लिए जाने और मजदूरी दरों में मनमानी के आरोप भी सामने आए हैं। इन हालातों ने धान खरीदी व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### युवा अब खदान में...

कदम बताया। इस दौरान छत्तीसगढ़ एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य सिंह बिसेन,शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के एनएसयूआई अध्यक्ष पंकज केवंट,वरिष्ठ छात्र नेता नूरेंद्र राज साहू,पीजी कॉलेज अध्यक्ष कर्तव्य आचार्य,जिला सचिव कुणाल पांडे,एनएसयूआई सोशल मीडिया संयोजक किस्सू बघेल, जिला सचिव दीपेश पांडे, तन्मय चौहान,रिहान खान,समीर कुमार, आदित्य, तरुण सहित अन्य मौजूद रहे। बस्तर की भौगोलिक और औद्योगिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय में माइनिंग एंड जियोलॉजी बीटेक/डिप्लोमा शुरू कर माइनिंग इंजीनियर और सर्वेयर तैयार करने, जेमोलॉजी के माध्यम से हीरा व रत्नों की कटिंग-पॉलिशिंग यहीं कर मूल्य संवर्धन बढ़ाने,ड्रोन टेक्नोलॉजी व जीआईएस से स्मार्ट माइन सर्वे विकसित करने,मेटलर्जी द्वारा स्टील प्लांट व एनएमडीसी के लिए विशेषज्ञ तैयार करने,हैवी मशीनरी मेंटेनेंस से हाई-टेक मैकेनिक विकसित करने,इंडस्ट्रियल सेफ्टी के जरिए स्थानीय सेफ्टी ऑफिसर नियुक्त करने तथा लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट से बस्तर को लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित करने की मांग की गई है।

### बस्तर के कई...

अब शहरी से लगे ग्रामीण इलाकों का रुख कर रहे हैं। पिछले 4-5 दिनों में नर बाघ के लगभग 50 किमी इलाके में विचरण के सबूत मिले हैं, जिसके बाद वन विभाग की टीम चौकन्नी हो गई है। चार दिन पूर्व भानपुरी क्षेत्र के जामगांव इलाके में आधा दर्जन से अधिक मवेशियों का शिकार किया गया था लेकिन इसके बाद उस इलाके में दुबारा घटना नहीं हुई इसके एक दिन बाद उसी बाघ के पदचिन्ह तोकापाल क्षेत्र के सोसनपाल-काना कुरूषपाल के खेतों में नर बाघ के पदचिन्ह मिले जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा वन अमले को दी गई थी। सूचना मिलते ही वन अमला बाघ के पदचिन्हों को देखकर जांच और तलाश शुरू कर दी है। मौके पर पहुंची टीम ने खेतों में बने जानवरों के पंजों के निशान देखे। मौजूद ग्रामीणों से बात की तब ग्रामीणों ने बताया कि बड़े दियारी का त्यौहार 30 दिसंबर को मनाया गया था इसी दिन सुबह के समय गन्ने के खेतों में किसानों ने सिंचाई किया था जिसके कारण खेत की मिट्टी गीली थी इसी रात विशाल जंगली जानवर खेतों में घुसा जिसके पैरों के निशान अगले दिन 31 दिसंबर को ग्रामीणों ने खेतों में देखा था।

### विस्टाडोम में सीट...

रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्रीय विकास को गति प्राप्त होगी। वन विभाग द्वारा आवश्यक तैयारियां पूर्ण होते ही पर्यटक इस अद्भुत प्राकृतिक स्थलाकृति का प्रत्यक्ष अनुभव कर सकेंगे। पर्यटकों और यात्रियों की इसी लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए संक्रांति पर्व के दौरान यात्रियों को राहत देने के उद्देश्य से ईस्ट कोस्ट रेलवे द्वारा कई ट्रेनों में अस्थायी रूप से अतिरिक्त कोचों का संवर्द्धन किया गया है।

### राजीव भवन में...

राजीव शर्मा नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, कौशल नागवंशी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, चम्पा ठाकुर, कोमल सेना, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष निकेत राज झा, ग्रामीण अध्यक्ष अभिषेक डेविड, मनोहर लूनिया, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया, बलराम यादव, फूलसिंह बघेल,किसान कांग्रेस अध्यक्ष दयाराम कश्यप, व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेंद्र पटवा, मंडल अध्यक्षगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### 92 आत्मसमर्पित नक्सलियों को मिली प्रोत्साहन राशि

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण, पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति 2025 के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। नीति के अंतर्गत जिले के कुल 92 प्रशिक्षणरत आत्मसमर्पित नक्सलियों को प्रति व्यक्ति 10,000 रुपये प्रतिमाह की दर से एक माह की प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने हेतु कुल 9 लाख 20 हजार रुपये के आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह राशि आत्मसमर्पित नक्सलियों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान आर्थिक सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने एवं सामाजिक पुनर्वास की प्रक्रिया को सशक्त करने में सहायक होगी।

### कार्यों को समय पर पूरा करने दिए निर्देश



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, जल जीवन मिशन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल से जल योजना की प्रगति, पेयजल आपूर्ति की स्थिति, अधोसंरचना कार्यों एवं योजनाओं के संचालन व संधारण पर अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं तथा कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय, नियमित फील्ड निरीक्षण, लंबित कार्यों के शीघ्र निराकरण एवं ग्रामीणों को निरंतर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एस आर नेताम सहित कार्यपालन अभियंता क्रेडा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## निधन

### प्रेमशंकर तिवारी



**जगदलपुर।** वरिष्ठ कांग्रेसी नरेंद्र तिवारी व रविशंकर तिवारी के बड़े भाई प्रेमशंकर तिवारी का आकस्मिक निधन हो गया। आज सुबह अंतिम यात्रा निवास अटल आवास सांई कॉलोनी से मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमें परिजन, समाज के लोग, कांग्रेसी और शहरवासी शामिल हुए। वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

# मलेरिया रोकथाम पर संवाद से ही होंगे बेहतर हालात : मिश्रा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**

- मलेरिया मुक्त बीजापुर के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान प्रारंभ

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देश एवं जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.आर. पुजारी तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक विनोद कुमार साहू के नेतृत्व में जिला समन्वयक अशोक पाण्डेय एवं बीजादूतीर स्वयंसेवक मलेरिया मुक्त बीजापुर अभियान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। बीजापुर जिला मलेरिया से सर्वाधिक प्रभावित जिलों में से एक है। मलेरिया की रोकथाम को लेकर कलेक्टर ने व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर देते हुए लोगों में व्यवहार परिवर्तन एवं सामाजिक बदलाव लाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने मलेरिया नियंत्रण एवं उन्मूलन के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मलेरिया के मामलों में कमी लाना एवं आमजन को इसके बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना है। स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ, मितानिन प्रशिक्षक, मितानिन कार्यकर्ता एवं बीजादूतीर स्वयंसेवकों के समन्वय से जिले के लगभग 300 बीजादूतीर स्वयंसेवक



मलेरिया की रोकथाम, लक्षण एवं उपचार संबंधी जानकारी जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। मलेरिया से बचाव हेतु मच्छरदानी का उपयोग, घर-आसपास साफ-सफाई, गंदे पानी का जमाव न होने देना, पूरे ढके हुए कपड़े पहनना तथा बुखार या अन्य लक्षण होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर मलेरिया जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

बीजादूतीर स्वयंसेवकों द्वारा विकासखंड भैरमगढ़ के ग्राम पंचायत चिनगेर, पिनकोंडा, कोडोली तथा विकासखंड भोपालपटनम के ग्राम पंचायत तिमेड़, अटकुपल्ली एवं रामपेठा में मलेरिया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यूनिसेफ द्वारा प्रदत्त पिको प्रोजेक्टर के माध्यम से महिला एवं पुरुषों को मानसिक स्वास्थ्य एवं मलेरिया के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही रात्रि चौपाल के दौरान सामुदायिक स्तर पर क्षेत्रीय भाषा में मलेरिया संबंधी वीडियो का प्रदर्शन किया गया।

जिला प्रशासन को विश्वास है कि मितानिन एवं बीजादूतीर स्वयंसेवकों की इस पहल से मलेरिया मुक्त बीजापुर की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। जिला प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है कि मलेरिया से बचाव के उपाय अपनाएं और स्वस्थ बीजापुर के निर्माण में सहयोग करें।

### नक्सलगढ़ से निकलकर राष्ट्रीय पटल पर सुकमा

# गगपल्ली क्रिस्टाराम, बुड़दी के अस्पतालों को केंद्र सरकार से मिली मान्यता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा**

- 8 कड़े मानकों पर 70 प्रतिशत से अधिक अंक किया प्राप्त

जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के निरंतर प्रयासों ने आज एक नया इतिहास रच दिया है। सुकमा जिले के घोर नक्सल प्रभावित और दुर्गम क्षेत्रों में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुड़दी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर गगपल्ली और आयुष्मान आरोग्य मंदिर क्रिस्टाराम को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड प्रमाण पत्र से नवाजा गया है। यह उपलब्धि केवल एक सर्टिफिकेट नहीं, बल्कि इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रशासन अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के अपने संकल्प को सिद्ध कर रहा है।

#### कठिन चुनौतियों के बीच क्वालिटी का कीर्तिमान

सुकमा जैसे संवेदनशील जिले में जहां भौगोलिक परिस्थितियां और सुरक्षा की चुनौतियां अक्सर बाधा बनती हैं, वहां के स्वास्थ्य केंद्रों का राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरना पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। इन केंद्रों ने सेवा प्रावधान, मरीज के अधिकार और संक्रमण नियंत्रण जैसे 8 कड़े मानकों पर सत्तर प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी उत्कृष्टता साबित की है। जिला प्रशासन ने इन केंद्रों में बुनियादी ढांचे और नैदानिक देखभाल को बेहतर बनाने के लिए नियद नेल्लानार के अंतर्गत विशेष कार्य योजना तैयार की गई थी जिसमें सतत मॉनिटरिंग दुर्गम क्षेत्रों में दवाओं और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई।

संक्रमण नियंत्रण अस्पतालों में स्वच्छता और बायो-मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट को प्राथमिकता दी गई। रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण- मरीजों को न केवल उपचार मिले, बल्कि उनके अधिकारों और सम्मान का भी पूरा ध्यान रखा गया।

**नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड प्रमाण पत्र से नवाजा**



#### कलेक्टर ने बताया शानदार उपलब्धि

कलेक्टर अमित कुमार ने बताया कि सुकमा जिले के 3 स्वास्थ्य केंद्रों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेट मिलने को जिले के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों का राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना यह दर्शाता है कि प्रशासन की प्राथमिकता शिक्षा और स्वास्थ्य के जरिए विकास को गति देना है। नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए बनाया गया एक सख्त फ्रेमवर्क है। इस प्रमाणन के बाद अब इन केंद्रों को भारत सरकार की ओर से वित्तीय प्रोत्साहन भी मिलेगा। इस राशि का उपयोग स्वास्थ्य सुविधाओं के और अधिक विस्तार और रखरखाव के लिए किया जाएगा। जिससे भविष्य में स्थानीय ग्रामीणों को और भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

# पेसा कानून आरक्षण को लेकर सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**

सर्व पिछड़ा वर्ग समाज बस्तर संभाग ने पेसा एक्ट के अंतर्गत अपने अधिकारों और आरक्षण से जुड़ी मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित किया है। समाज ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

समाज की पहली प्रमुख मांग है कि देश के अन्य राज्यों की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाए। इसके लिए आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार केंद्र सरकार से पहल कर छत्तीसगढ़ की आरक्षण व्यवस्था को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करवाए, ताकि इसे न्यायालय में चुनौती न दी जा सके।

दूसरी मांग अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायत चुनावों से संबंधित है। समाज का कहना है कि पंचायत चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सीटों की संख्या ऐसी हो, जो अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (यदि हो) के आरक्षित स्थानों के साथ मिलकर कुल सीटों के तीन-चौथाई से अधिक न हो। समाज ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2024 में पंचायत निर्वाचन अधिनियम में किए गए संशोधन के तहत इस प्रावधान को समाप्त कर दिया गया है, जिसे पुनः यथावत लागू किया जाना चाहिए।

तीसरी मांग में समाज ने बस्तर एवं सरगुजा संभाग में पेसा कानून को पूर्ण रूप से लागू किए जाने का स्वागत किया है, लेकिन साथ ही यह आग्रह भी किया है कि कानून लागू करने से पहले अन्य पिछड़ा वर्ग समाज को विश्वास में लिया जाए और उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाए। समाज का कहना है कि जिन ग्राम पंचायतों में उनकी संख्या कम है, वहां उनकी आवाज अनसुनी किए जाने और मनमानी की आशंका है। ऐसी परिस्थितियों के कारण पिछड़ा वर्ग समाज स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है।

सर्व पिछड़ा वर्ग समाज ने शासन से मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया है। समाज ने स्पष्ट किया है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# एसएचजी की महिलाओं ने बस्तर जिले के उत्पादन केंद्रों का किया अध्ययन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जिला बस्तर के क्लस्टर, ब्रिडिंग सेंटर, फीड यूनिट लोहंडीगुड़ा, एलएससी सेंटर तोकापाल एवं सीएमटीसी सेंटर पंडरीपानी का भ्रमण किया। इस भ्रमण एवं अध्ययन कार्यक्रम में जिला बीजापुर के सीएलएफ पदाधिकारी, योजना के चारों ब्लॉक प्रोग्रामर , आईएफसी एंकर, पीपीएफ, पीआरपी एवं महिला उद्यमी शामिल हुए। वहीं जिला बस्तर से डीपीएम राजकुमार देवांगन, प्रदान संस्था से सुश्री आभा के अलावा जिले के स्टाफ एवं उद्यमी उपस्थित रहे।



भ्रमण के दौरान विभिन्न आजीविका गतिविधियों, उत्पादन इकाइयों के संचालन एवं संगठनात्मक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इससे बीजापुर जिले के स्व सहायता समूह की महिलाओं को नई आजीविका गतिविधि की जानकारी एवं उद्यमी बनने प्रेरणा मिली। साथ ही भविष्य में अपने जिले में आजीविका गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालित करने हेतु नए दृष्टिकोण एवं कार्य पद्धति की समझ विकसित हुई। इस अध्ययन भ्रमण से महिला स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण एवं आजीविका संवर्धन के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव पड़ेंगे।

# बिचौलियों पर प्रशासन ने कसी नकेल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा**

- 3100 रुपये प्रति क्विंटल की प्रतिबद्धता और 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा से किसान खुश

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का अभियान किसानों के हित में मील का पत्थर साबित हो रहा है। शासन की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा की गई सुदृढ़ और पारदर्शी व्यवस्था के चलते इस वर्ष बिचौलियों पर पूरी तरह नकेल कसी गई है। परिणामस्वरूप जिले में अब तक 71 हजार क्विंटल धान की शुद्ध और पारदर्शी खरीदी की जा चुकी है, जिससे वास्तविक किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है।

धान खरीदी के दौरान अवैध धान की आवक और खराब गुणवत्ता वाले धान पर विशेष रूप से सख्त नियंत्रण रखा गया है। उपार्जन केंद्रों पर तैनात नोडल अधिकारी एवं उड़नदस्ता दलों

**71 हजार क्विंटल धान की खरीदी**



द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। केंद्रों पर केवल निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्ता वाला धान ही स्वीकार किया जा रहा है, जिससे मिलावट और अमानक धान की संभावना पूरी तरह समाप्त हो गई है। वहीं सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए बाहरी अथवा अवैध धान खपाने के प्रयासों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है, ताकि पंजीकृत किसानों के हित सुरक्षित रहें।

शासन द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की प्रतिबद्धता ने किसानों में भरोसा मजबूत किया है। इसमें समर्थन मूल्य (2369 मोटा, 2389 पतला) के साथ किसान सहायता राशि शामिल है। इसके साथ ही 21 क्विंटल प्रति एकड़ की अधिकतम सीमा और वास्तविक उपज के आधार पर की जा रही खरीदी से छोटे और बड़े सभी किसानों को आर्थिक संबल मिल रहा है।

जिला प्रशासन ने बिचौलियों को पूरी तरह सिस्टम से बाहर रखने के लिए डिजिटल एंट्री, बायोमेट्रिक सत्यापन और रिकॉर्ड आधारित निगरानी को अनिवार्य किया है। केवल पंजीकृत किसानों से ही धान की खरीदी की जा रही है तथा संदिग्ध लेन-देन और पूर्व रिकॉर्ड के आधार पर बिचौलियों की पहचान कर उन पर सतत निगरानी रखी जा रही है। साथ ही खरीदी के समानांतर धान का उठाव भी सुचारू रूप से किया जा रहा है, जिससे उपार्जन केंद्रों पर अनावश्यक भीड़ की स्थिति नहीं बन रही है।

कुल मिलाकर दंतेवाड़ा जिले में इस वर्ष धान खरीदी की प्रक्रिया 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत संचालित की जा रही है, जिससे अन्नदाताओं को उनकी मेहनत का पूरा और सीधा लाभ मिल रहा है तथा व्यवस्था पर किसानों का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है।

# मुंबई के प्रसिद्ध गायकों ने बांधा समां

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल**

- एनएमडीसी के 68वें स्थापना दिवस पर शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम

लौह नगरी किरंदुल में राष्ट्रीय खनिज विकास निगम एनएमडीसी किरंदुल के 68वें स्थापना दिवस के अवसर पर किरंदुल नगर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर पूरे नगर में उत्सव का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम की खास प्रस्तुति मुंबई से आए प्रसिद्ध पार्श्व गायकों चारु सेमवाल और दिव्या कुमार की रही। दोनों कलाकारों ने एक से बढ़कर एक लोकप्रिय गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके मधुर स्वर और ऊर्जावान प्रस्तुति पर दर्शक देर तक तालियां बजाते नजर







आए। राष्ट्रीय खनिज विकास निगम एनएमडीसी ने 68 वर्षों की यात्रा में लौह अयस्क उत्पादन, सतत खनन, स्वदेशी तकनीक और सामाजिक दायित्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

इस अवसर पर अधिकारियों-कर्मचारियों ने संस्थापक दृष्टि को स्मरण करते हुए सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रनिर्माण के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। एनएमडीसी के वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी स्थानीय जनप्रतिनिधि और किरंदुल नगरवासियों ने इस संगीत कार्यक्रम का पूरा आनंद लेते नजर आए। भारत की सबसे बड़ी आयरन ओर उत्पादक कंपनी एनएमडीसी अपने बैलाडिला प्रोजेक्ट्स किरंदुल एवं बचेली के माध्यम से देश की स्टील इंडस्ट्री को मजबूत आधार प्रदान करती है। ऐसे सांस्कृतिक आयोजन कंपनी की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी तथा कर्मचारी कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। नक्सल प्रभावित किरंदुल जैसे क्षेत्र में यह आयोजन सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा का संदेश लेकर आया, जहां विकास और संस्कृति का यह संगम स्थानीय लोगों के लिए उम्मीद की किरण बन रहा है। कार्यक्रम में एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के कार्यकारी निदेशक रवींद्र नारायण, डीजीएम पर्सनल केएल नागवेणी, श्रम संघ पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। स्थापना दिवस समारोह में एनएमडीसी के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, उनके परिवारजन तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एनएमडीसी की उपलब्धियों और सामाजिक योगदान को भी रेखांकित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम ने न केवल मनोरंजन प्रदान किया, बल्कि एनएमडीसी के गौरवशाली इतिहास और संगठनात्मक एकता को भी सशक्त रूप से प्रदर्शित किया।

# पिकनिक स्पॉट पर बाल विवाह निषेध को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन मे बीजापुर जिले में नेलसनार पिकनिक स्पॉट पर व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के प्रति जागरूक करते हुए इसके दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा बाल अधिकारों की जानकारी प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान पोस्टर प्रदर्शन के माध्यम से जागरूकता अभियान संचालित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों, युवाओं, अभिभावकों एवं पर्यटकों को बताया गया कि बाल विवाह के गंभीर दुष्परिणाम होते हैं, जिनमें



कम उम्र में विवाह के कारण बालिकाओं एवं बालकों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में अवरोध, शिक्षा का बाधित होना, अल्पायु में गर्भधारण से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में वृद्धि, कुपोषण, स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं, घरेलू हिंसा की संभावनाएं तथा गरीबी के दुष्चक्र में फंसे रहने जैसे दुष्परिणाम प्रमुख हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत निर्धारित वैधानिक आयु-सीमा एवं दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी दी गई तथा बताया गया कि बाल विवाह एक संज्ञेय एवं दंडनीय अपराध है। उक्त जन जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं सुरक्षित भविष्य के महत्व पर विशेष बल दिया गया।

## खबर संक्षेप

### चारामा वार्ड नौ में हुई रामधुनी

**चारामा।** नगर पंचायत चारामा के वार्ड क्रमांक 09 में पार्षद संदीप मेश्राम एवं वार्डवासी के सहयोग से नववर्ष 2026 की शुरुआत रामधुनी से की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया। भजन-कीर्तन और राम नाम के स्मरण से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। आयोजन पार्षद के मार्गदर्शन में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने पूरे वर्ष सुख-समृद्धि की कामना की।

### अंग्रेजी शराब बरामद पकड़ाया कोचिया

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत हल्बा व आंखीहर्रा चौक के पास शराब कोचिए के कब्जे से अवैध रूप से रखे अंग्रेजी शराब को जप्त किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी डब्बीपानी निवासी सगराम सलाम पिता पुसऊराम के कब्जे से 6 नग बियर कीमत 1200 रूपएं एवं 12 पौवा अंग्रेजी शराब कीमत 1 हजार 440 रूपएं कुल 2 हजार 640 रूपएं की शराब को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### महिला की मौत कारण अज्ञात

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत नाग जीवदण्ड निवासी 50 वर्षीय धनाय बाई सलाम का 4 जनवरी को अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गया। नागरबेड़ा निवासी 55 वर्षीय माहरू राम सलाम ने पुलस को बताया कि मृतक का शव ग्राम एटेगांव से टिमनार जाने वाले रास्ते में पुल के पास मिला। मौत कैसे हुई यह पता नही। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### फांसी लगाकर दी महिला ने जान

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत भिलाई निवासी 55 वर्षीय गिरिजा बाई जुर्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। भिलाई निवासी 45 वर्षीय सहदेव जुर्री पिता नरसिंह जुर्री ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने अपने घर में 4 जनवरी को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### डूबने से महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत उच्चापानी निवासी 70 वर्षीय बसनीन बाई का पानी में डूबने से 4 जनवरी को मौत हो गया। उच्चापानी निवासी निवासी रमेश कुमार हुपेण्डी ने पुलिस को बताया कि मृतिक पानी में डूब गई, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सेनानी पातर हल्बा की पुण्यतिथि 9 को मनाएंगे

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम भेलवापानी में पातर हल्बा की पुण्यतिथि की तैयारी कों लेकर सर्व समाज, अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा हल्बी समाज एवं केंद्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला कांकेर के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से आयोजन स्थल सोनादई तय किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुखदेव पातर की 64 वीं पुण्यतिथि 09 जनवरी कों मनाया जाएगा।

# बस्तर के स्कूलों में अब विद्या समीक्षा केंद्र ऐप से लगेगी हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और प्राचार्यों को निर्देशित किया

**शिक्षा विभाग ने जारी किया जीपीएस लोकेशन से जुड़ा अहम निर्देश**




बस्तर जिले की शासकीय शिक्षण संस्थाओं में शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया को अब पूरी तरह से हाईटेक किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि अब से शासकीय स्कूलों में उपस्थिति राज्य शासन द्वारा तैयार किए गए विद्या समीक्षा केंद्र मोबाइल ऐप के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज की जाएगी। इस कवायद का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप प्रतिदिन की उपस्थिति का डेटा शिक्षा मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय विद्या समीक्षा केंद्र को भेजना है, जहां इसकी नियमित समीक्षा की जा सकेगी।

इस नई व्यवस्था को लागू करते हुए विभाग ने एक बेहद महत्वपूर्ण तकनीकी निर्देश भी दिया है, जिसकी अनदेखी करने पर शिक्षकों की उपस्थिति मान्य नहीं होगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि शिक्षकों को यह मोबाइल ऐप विद्यालय परिसर में पहुंचने के बाद ही अपने फोन में इंस्टॉल और पंजीकृत करना होगा। दरअसल, पंजीकरण के समय ऐप जीपीएस तकनीक का उपयोग कर विद्यालय की लोकेशन को सेव कर लेता है। यदि कोई शिक्षक विद्यालय से बाहर रहकर या घर से ऐप को इंस्टॉल या रजिस्टर करने का प्रयास करता है, तो सर्वर में पहले से मौजूद विद्यालय की लोकेशन और शिक्षक की वर्तमान लोकेशन आपस में मेल नहीं खाएगी। ऐसी स्थिति में लोकेशन मैच न होने के कारण शिक्षक अपनी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कर पाएंगे, इसलिए सभी को विद्यालय में उपस्थित होकर ही इंस्टॉलेशन की प्रक्रिया पूरी करने की हिदायत दी गई है।

## नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास की बयार

# मंत्री केदार कश्यप करेंगे करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ 2453.05 लाख की लागत से सड़क, पुल-पुलिया, जलसंरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं ग्रामीण विकास से जुड़े अनेक कार्यों का होगा भूमिपूजन एवं लोकार्पण

नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विकासखंडों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। विधायक और वन एवं परिवहन मंत्री केदार कश्यप द्वारा मंगलवार को क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों में स्वीकृत विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा। इन कार्यों में सड़क, पुल-पुलिया, जलाशय, सामुदायिक भवन, स्वास्थ्य केंद्र, देवगुड़ी निर्माण, डिजिटल सुविधा केंद्र, तथा छात्र-छात्राओं के लिए सायकल वितरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। कार्यक्रम मर्दापाल के पुसपाल एवं भानपुरी क्षेत्र के गोदियापाल, बड़ेआमाबाल, तारागांव एवं भानपुरी मंडल के विभिन्न ग्रामों में आयोजित होंगे।



### मर्दापाल क्षेत्र में बहुआयामी विकास

मर्दापाल क्षेत्र में जल संसाधन विभाग द्वारा स्टॉप डैम निर्माण, लोक निर्माण विभाग द्वारा मुख्य मार्गों का डामरीकरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण, तथा वन विभाग द्वारा देवगुड़ी संरक्षण एवं निर्माण जैसे कार्यों का भूमि पूजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त शिक्षा विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं को सायकल वितरण भी किया जाएगा। इस क्षेत्र में कुल 1118.21 लाख की लागत से कार्य स्वीकृत हैं।

### गोंदियापाल में सड़क व ग्रामीण अधोसंरचना पर जोर

गोंदियापाल में बजट मद से सड़क निर्माण (पुल-पुलिया सहित), मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत पुलिया निर्माण, बस्तर विकास प्राधिकरण द्वारा सीसी सड़क निर्माण तथा सामुदायिक भवन जैसे कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण होगा। यहां कुल 313.39 लाख की लागत के विकास कार्य प्रस्तावित हैं।

### बड़ेआमाबाल में कनेक्टिविटी और डिजिटल सुविधा

बड़ेआमाबाल एवं आसपास के ग्रामों में पुलिया निर्माण, 3.70 किमी सड़क (पुल-पुलिया सहित), सी.सी. सड़क, अटल डिजिटल सुविधा केंद्र, तथा मुक्तिधाम-प्रतिक्षालय शेड जैसे कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा। इस क्षेत्र में कुल 395.09लाख की लागत से विकास कार्य होंगे।

### तारागांव में जलसंरचना और सड़क निर्माण

तारागांव क्षेत्र में जलाशय बांध पर गेट, स्पिलवे, नहर लाइनिंग एवं स्ट्रक्चर निर्माण, सी.सी. सड़क निर्माण, सोलर हाई मास्ट स्थापना, तथा महातारी सदन लोकार्पण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा सायकल वितरण भी होगा। इस क्षेत्र में कुल 626.36 लाख की लागत के कार्य स्वीकृत हैं। इन सभी विकास कार्यों के माध्यम से जिले में सिंचाई क्षमता, आवागमन सुविधा, ग्रामीण कनेक्टिविटी, सामुदायिक व सांस्कृतिक संरचनाओं का संरक्षण, तथा शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती मिलेगी।

# नशा युवाओं को बर्बाद करता है, जबकि खेल मजबूत बनाता है : कश्यप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्राम आसना तमाकोनी में यंग स्टार क्रिकेट कमेटी द्वारा आयोजित जलनी माता कप के फाइनल में मुख्य अतिथि बस्तर जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप ने पुरस्कार दिए।

■ डिमरापाल ने बकावंड को हराया

डिमरापाल एवं बकावंड टीमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। शानदार प्रदर्शन के साथ डिमरापाल की टीम विजेता एवं बकावंड की टीम उपविजेता बनी।

इस अवसर पर हेमंत कश्यप ने कहा कि नशा युवाओं को बर्बाद करता है, जबकि खेल उन्हें मजबूत बनाता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे को ठुकराकर खेल, शिक्षा और संगठन से जुड़ें, ताकि एक सशक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर बस्तर का निर्माण हो सके।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य अनीता नागे, मनीराम बघेल, उपसरपंच राधिका देहारी बिसनाथ, देवशंकर पंडा, मोतीराम ध्रुव, धनीराम पटेल, मांझी, पुजारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# कोसारटेडा डेम से लगे वनक्षेत्र से ग्रामीणों का नहीं होगा विस्थापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ ईको टूरिजम से भावी पीढ़ी को मिलेगा आय का साधन

बस्तर ब्लाक के भानपुरी क्षेत्र के कोसारटेडा डैम से लगे वनक्षेत्र में जैव विविधता एवं पर्यटन विकास के कार्य स्वीकृत किये गये हैं। प्रस्तावित कार्य में किसी भी प्रकार से ग्रामीणों का विस्थापन प्रस्तावित नहीं है। अपितु प्रस्तावित परियोजना के पूर्ण होने से आस-पास के गांव के ग्रामीणों को रोजगार प्राप्त होंगे एवं ईको टूरिजम बढ़ाने से भावी पीढ़ी को भी लगातार आय के साधन उपलब्ध होंगे।

परियोजना के संबंध में वन विभाग ने ग्रामीणों की बैठक लेकर जानकारी दी। प्रस्तावित क्षेत्र पथरिला एवं बिगड़े वनों से अच्छादित है। इसकी उत्पादन क्षमता अत्यंत कम है। प्रस्तावित परियोजना में जैव विविधता को बढ़ाने के लिए विदेशी खरपतवारों का उन्मूलन जैसे यूपिटोरियम ओडोराटा (जहाज लाटा, गंधरी बुटा) का समूल उन्मूलन करना, वनोपज प्रदान करने वाली प्रजातियों महुआ, चार, बेहड़ा, हर्रा कुसुम को बढ़ावा देना, वन अधिकार पत्रधारियों हेतु भू-जल में वृद्धि करने के उद्देश्य से भू-जल संरक्षण कार्य छोटे तालाब, कन्टूर ट्रेंच, मिनी परकोलेशन टैंक, बोल्डर चेकडेम छोटी संरचनाओं का निर्माण करना एवं क्षेत्र में हो रहे अति चराई, जैविक दबाव को कम करने एवं सुरक्षा हेतु फेसिंग कार्य प्रस्तावित है। इसके अलावा कोसारटेड़ा डैम में बोटिंग सुविधा का विकास कर प्राकृतिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जायेगा जिससे ग्रामीणों को लगातार आय प्राप्त होगी। ईको टूरिजम का संचालन स्थानिय ग्रामीणों के माध्यम से किया जायेगा जिससे सतत आय की प्राप्ति होगी। विकास कार्यों से होने वाले लाभ की जानकारी प्रदान करने राज्य के अन्य स्थानों पर किये गये विकास कार्यों का निरीक्षण भी ग्रामीणों को करवाया गया है। जिसमें राजनांदगांव के समीप स्थिति जैव विविधता संवर्धन केन्द्र, मनगट्टा का निरीक्षण भी करवाया गया है, और ग्रामीणों को अनुभव करवाया गया है कि ईको टूरिज्म के कार्य करने से कैसे आस-पास के लोगों को रोजगार प्राप्त होता है एवं उनके आय में वृद्धि होती है तथा आस-पास के क्षेत्रों में भी विकास के कार्यों में तेजी आती है।

### ग्रामीणों के अधिकार का हनन नहीं

वन विभाग ने जारी प्रेस नोट में कहा है कि उस क्षेत्र में वन अधिकार पत्र धारियों एवं ग्रामीणों के किसी भी अधिकार का हनन नहीं किया जावेगा। अपितु परियोजना के क्रियान्वयन से आस-पास के क्षेत्रों में विकास बढ़ने की पूर्ण संभावना है।

# 7 जिलों से 7.23 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ मिलिंग प्रक्रिया को मिली गति, भंडारण व उठाव पर प्रशासन की सतत निगरानी



खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में बस्तर संभाग ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि राज्य के धान उपार्जन ढांचे में उसकी भूमिका केवल सीमांत नहीं,बल्कि निर्णायक है। 5 जनवरी 2026 तक उपलब्ध आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार संभाग के सात जिलों में स्थापित 382 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से कुल 7,23,276.64 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। यह आंकड़ा न केवल पिछले वर्षों की निरंतरता को दर्शाता है, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था की सक्रियता और किसानों की भागीदारी को भी रेखांकित करता है।

धान की श्रेणीवार स्थिति पर नजर डालें तो उपार्जन में मोटा धान का वर्चस्व स्पष्ट दिखाई देता है,जबकि पतला और सरना धान की मात्रा अपेक्षाकृत सीमित रही है। जिलेवार आंकड़ों में कांकेर जिला सबसे आगे रहा,जहां लगभग 2.84 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन दर्ज किया गया। इसके बाद कोंडागांव और बस्तर जिले प्रमुख रूप से उभरे,जहां क्रमशः 1.70 लाख मीट्रिक टन और 1.56 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की आवक हुई।

उपार्जन के साथ-साथ मिलिंग व्यवस्था को गति देने के लिए मिलरों को धान निर्गमन की प्रक्रिया भी लगातार जारी रही। अब तक संभाग से 29,673.13 मीट्रिक टन धान मिलरों को जारी किया जा चुका है। इसमें भी कांकेर जिला अग्रणी रहा,जहां से सबसे अधिक धान मिलरों को दिया गया। सीमावर्ती और नक्सल प्रभावित जिलों दंतेवाड़ा,नारायणपुर और सुकमा में अपेक्षाकृत कम केंद्र होने के बावजूद उपार्जन एवं निर्गमन प्रक्रिया बाधित नहीं हुई,जो जमीनी स्तर पर व्यवस्था की मजबूती को दर्शाती है।

वर्तमान में उपार्जन केंद्रों में 6.92 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान सुरक्षित भंडारण में उपलब्ध है। कुल उठाव 30,846.13 मीट्रिक टन रहा है,जो औसतन 4.26 प्रतिशत के आसपास है। प्रशासनिक स्तर पर उठाव प्रतिशत बढ़ाने,परिवहन व्यवस्था को सुचारु रखने और मिलिंग में तेजी लाने को लेकर सतत निगरानी की जा रही है,ताकि किसानों को भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो और खरीफ उपार्जन लक्ष्य समय पर पूर्ण किया जा सके।

### बस्तर संभाग में धान उपार्जन की स्थिति

बस्तर संभाग के सात जिलों में कुल 382 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 7.23 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का उपार्जन दर्ज किया गया है, जिसमें कांकेर,कोंडागांव और बस्तर जिले अग्रणी रहे। मिलरों को कुल 29,673 मीट्रिक टन धान जारी किया जा चुका है, जबकि उपार्जन केंद्रों में 6.92 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान शेष है। कुल उठाव 30,846 मीट्रिक टन के साथ औसत उठाव प्रतिशत 4.26 रहा, जो आने वाले दिनों में मिलिंग प्रक्रिया में और तेजी की संभावना दर्शाता है।

**कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल को किया आश्वस्त**

# सुबह 8 से शाम 5 तक खुला रहेगा पशु चिकित्सालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



स्ट्रे सेफ फाउंडेशन, हैप्पी कामधेनु एवं बजरंग दल के प्रतिनिधिमंडल ने आज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें वर्तमान में पशु चिकित्सालय का समय प्रातः 8 से 12 बजे एवं सायं 4 से 5 बजे निर्धारित होने से उत्पन्न हो रही जन एवं पशुहित संबंधी समस्याओं से अवगत कराया गया।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सीमित समय के कारण पशुपालकों एवं पशुसेवकों को उपचार, टीकाकरण एवं आपातकालीन सेवाओं में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व की भांति पशु चिकित्सालय का समय प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित किए जाने का निवेदन किया गया।


कलेक्टर ने विषय की गंभीरता को समझते हुए मांग पर सहमति व्यक्त की तथा पशु चिकित्सालय का पूर्व समय पुनः लागू किए जाने को कहा। इस निर्णय से क्षेत्र के पशुपालकों, पशुसेवकों एवं आमजन को राहत की उम्मीद है।




# सेवा अर्जी देकर सुख समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

■ गोंडियन परधान आदिवासी समाज ने मनाई हीरासुका लिंगों बाबा की जयंती





बीजापुर जिले में आदिकाल से निवासरत गोंडियन परधान आदिवासी समाज ने अपने आराध्य गोंडवाना गोंडी धर्म धरती के प्रथम संगीत गुरु मुठवा पुनेम गोंडी धमार्चार्य, हीरासुका लिंगों बाबा की जयंती धूमधाम से मनाई। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तिरुमल सकनी चन्द्रैया, प्रांताध्यक्ष तिरुमल पी. लक्ष्मीनारायण, जिलाध्यक्ष कंडिक नारायण के मार्गदर्शन एवं निदेर्शानुसार अवतरण दिवस पर जिले भर के परधान समाज के लोगों ने अपने अपने घरों में दीये जलाकर घर को रोशन किया। उन्होंने बाबा की प्रतिमा में माल्यार्पण, सेवा अर्जी देकर मनाया।

पूरे भारत में गोंडियन परधान आदिवासी समाज की जनजाति पौष माह के पूर्णिमा को हर वर्ष हीरासुका लिंगों बाबा का जन्मोत्सव मनाया जाता है। बीजापुर जिला मुख्यालय के परधान समाज कल्याण भवन में खुशियों का माहौल रहा। संध्या 7 बजे मूर्ति व भवन के चारों ओर दीप प्रज्वलित कर प्रकाशमय किया गया। भवन में मुठवा हीरासुका लिंगों बाबा की मूर्ति पर परधान समाज के जिला कोषाध्यक्ष तिरु. भानुप्रताप चिड़यिम ने गोंडियन विधि विधान से गोंगो सेवा अर्जी कर पूजा सम्पन्न करवाया। हीरासुका लिंगों बाबा सहित इष्टदेवों, कुल देवी, देवताओं, स्थानीय पुरखा पेनों की जय घोष लगाते हुए लोंगो ने बाबा की सेवा अर्जी कर आपस में एक दुसरे को शुभकामनाएं दी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर यूवा प्रांताध्यक्ष तिरु. राकेश गिरी, जिला सचिव, तिरु. अरुण सकनी, जिलाध्यक्ष यूवा प्रकोष्ठ तिर.रामप्रसाद नक्का, जिला सचिव यूवा प्रकोष्ठ रामप्रसाद गोरला, मिडिया प्रभारी सुरेश परतागिरी, लक्ष्मण परतागिरी, हरकेश गिरी, गोपाल परतागिरी, प्रचार प्रसार मंत्री लोकेश पुलमाद्दी, सह सचिव विश्वासराव तोगर, रामप्रसाद गोरला, अनिल गंधम, सुधाकर तोगर, वेंकटेश्वर पोन्दी, सुरज कुमार पोंदी, शैलेन्द्र कुमार पोन्दी, सिध्दु पोन्दी, सिध्दी पोन्दी शामिल हुए।

